**पीडब्लयू 16 डॉ. तरूण सपरा**

**<u>बयान गवाह</u>**

**न्यायालय अपर जिला एंव सेशन न्यायाधीश, भादरा (हनुमानगढ)**

**प्रकरण शीर्षक राज्य बनाम राजपाल आदि सेशन प्रकरण संख्या 14/2019**

**दिनांक 05.12.2024**

**<u>शपथ दिलाई गई।</u>**

**मैं शपथ पूर्वक कहता हूँ कि मेरा नाम डॉ. तरूण सपरा पुत्र श्री मुलखराज सपरा जाति पंजाबी उम्र 39 साल पेशा चिकित्सक निवासी हाल सपरा अस्पताल हिसार, जिला हिसार, हरियाणा।**

**<u>मुख्य परीक्षाः–</u>** दिनांक 23.04.18 को मैं सपरा अस्पताल हिसार में कार्यरत था। उस रोज आहत बलवान पुत्र हजारीराम निवासी चक भोजासर तहसील भादरा को उसके परिजन ईलाज हेतु हमारे अस्पताल में लेकर आये थे। आहत के सिर में चोट थी। मैंने आहत को हमारे अस्पताल में भर्ती कर आहत के सीटी स्केन, एमआरआई करवाकर उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण मैंने उसे ईलाज हेतु डॉ. मोहित जिंदल न्यूरो सर्जन के पास रैफर कर दिया था।

**<u>प्रतिपरीक्षण मुलजिमान राजपाल, इन्द्रपाल, राजेन्द्र, विरेन्द्र, सुमेरसिंह, रूघबीर, हवासिंह व विक्रम द्वारा अधिवक्ता श्री लीलाधर अग्रवालः–</u>** यह सही है कि आहत हमारे पास आया तब वह होश में था लेकिन वह पुरी तरह होश में नहीं था। आहत का बीपी सामान्य था। आहत के इतनी ज्यादा चोट नहीं थी कि वह कोमा में चला जाये। यह सही है कि आहत की जान जाने का कोई खतरा नहीं था। सीटी स्केन मैंने 23 तारीख को कराया था। यह कहना गलत है कि मैं आज गलत बयानी कर रहा होउं।

**<u>पुनः परीक्षणः–</u> शून्य।**

नोट– गवाह के बयान मेरे निर्देशन में लिपिक ने टंकित किये जो गवाह को पढ कर सुनाए जाने पर सही होना स्वीकार किया।